# केन्द्रीय विद्यालय डॉ. हरीसिंह गौर विवि. सागर (म.प्र.)470003
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एवं स्वायत्त संस्थान)

## Kendriya Vidyalaya DHSGVV,Sagar(M.P.) 470003
(An Autonomous Body under Ministry Of Education, Govt. Of India)

Phone No. 07582-292225

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Website : https://sagarno4hsgv.kvs.ac.in/ Email : sagar4kvdhsgsu@gmail.com


| KVS Station Code:317 | KVS School Code: 2383 | CBSE SchoolNo.:54258 | CBSE Affiliation No.:1000253 |
|---|---|---|---|

**F. VMC./KVDHSGVV/ 2023-24/ 421** **Date : 22.02.2025**

**प्रति,**
**मान्नीया अध्यक्षा महोदया,**
विद्यालय प्रबंधन समिति
केन्द्रीय विद्यालय डॉ. हरीसिंह गौर विवि.
सागर

**विषयः— 9वीं विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यवृत्त अनुमोदन के संबंध में।**

महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विनम्र अनुरोध है कि 9वीं विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक **दिनांक 17.12.2024** को केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 DHSGVV सागर में आयोजित की गई थी, जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा कार्यवृत्त हस्ताक्षरित हो चुकी है।

9वीं विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यवृत्त आपकी ओर अनुमोदनार्थ हेतु सादर प्रेषित है।

सधन्यवाद्

**भवदीय**

22/2/25

**(राजेन्द्र सिंह वर्मा)**
**प्राचार्य**

Dr. Hari Singh Gour V.V. Sagar (M.P.) D.O.A.A. No. 2789 Date 28/2/25

संलग्नः—
1. 8वीं विद्यालय प्रबंध समिति कार्यवाही की रिपोर्ट
2. 9वीं विद्यालय प्रबंध समिति की कार्ययोजना
3. 9वीं विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यवृत्त

बैठक 17.12.2025 को आयोजित की गई थी। कार्यवृत्त इतने विलम्ब से क्यों प्रस्तुत की जा रही है? नामित अध्यक्ष — कृ ध्यान दें
25/2/2025

कुलपति सचिवालय Vice-Chancellor Secretariat क्र./No. दिनांक/Date 27-02-25

Dr. Hari Singh Gour V.V. Sagar (M.P.) D.O.A.A. No. 914 Date 03/03/25

Principal KV-4 to ensure timely circulation of minutes in future.
3/3/25

नामित अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंध समिति

# केन्द्रीय विदयालय क्र.4 सागर डॉ. हरीसिंह गौर विवि सागर

## 9 वीं विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यवृत्त (सत्र 2024-25)

दिनांक : 17.12.2024

समय : 11:00 पूर्वान्ह

स्थल : केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 सागर

**निम्नलिखित सदस्यों ने बैठक में भाग लिया**

1. प्रो. नीलिमा गुप्ता (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति के.वि. क्र.4 डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर)
2. प्रो. नवीन कानगो (नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति के.वि.क्र.4 डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर)
3. प्रो. दिवाकर शुक्ला, (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति )
4. डॉ. एस. पी. उपाध्याय (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति )
5. श्री विक्रम रावत (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)
6. डॉ. किरण महेश्वरी (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति )
7. श्री आर. एस. वर्मा (सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति)
8. श्रीमती उमा एम भालेराव (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)
9. श्रीमती निधि सोनी (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)
10. सुश्री अनीता डोंगरे (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)

**निम्नलिखित सदस्य बैठक में अनुपस्थित रहे :**

1. प्रो. ए. पलनीटकर (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)
2. डॉ. बी. एस. किरण (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)
3. श्री ए. के. अरख (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)

बैठक के प्रारंभ में प्राचार्य एवं सचिव विद्यालय प्रबंध समिति श्री आर. एस. वर्मा द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष महोदया प्रो. नीलिमा गुप्ता ( कुलगुरू, डॉ. हरीसिंह गौर वि.वि. सागर) एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया।

विद्यालय के संक्षिप्त प्रतिवेदन के उपरांत कार्यसूची समिति सदस्यों के समक्ष विचार विमर्श हेतु रखी गई।

8वीं विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन प्रस्तुत किये गए जिसमें पिछली विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक के संबंध में सचिव महोदय द्वारा Action Taken Report प्रस्तुत की गई।

| क्र.स. | कार्यसंख्या | प्रस्ताव |
|---|---|---|
| | **ITEMS FOR INFORMATION** | |
| 1 | **<u>विद्यालय में नियमित शिक्षकों की उपलब्धता:-</u>**<br>सत्र 2024-25 हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विद्यार्थियों की बाधा रहित शिक्षण को ध्यान में रखते हुये पर्याप्त संख्या में पूर्णकालिक नियुक्ति कर दी गई है। जिससे विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के कार्य में किसी तरह की बाधा न हो । | विद्यालय प्रबंध समिति ने इस बिन्दु संज्ञान में लिया।<br>कार्यवाही :- अपेक्षित नहीं है। |
| 2 | **<u>विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धि:-</u>**<br>**क)** केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 सागर के लिए बड़े ही गर्व एवं गौरव का विषय है कि विद्यालय के छात्र मा. शुभ सक्सेना ने 19/05/2024 से 25/05/2024 तक जापान में आयोजित Sakura Science High School Program (SSHP) में देश का प्रतिनिधित्व किया।<br>**ख)** विद्यालय के एक अन्य छात्र मा. अदित्य गौतम ने KIIT, भुवनेश्वर में दिनांक 08 से 10 अप्रैल 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय बाल-विज्ञान कांग्रेस (KVS- Rastriya Bal Vaigyanik Pradarshani - 2024) में भाग लिया।<br>**ग)** भारत स्काउट एवं गाइड अभियान के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय दमोह (स्काउट) एवं केन्द्रीय विद्यालय OF कटनी (गाइड) में आयोजित तृतीय सोपान परीक्षण कैंप में विद्यालय के 01 छात्र एवं 8 छात्राओं ने भाग लेकर सफलता प्राप्त की तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा "राज्य प्रशिक्षण शिविर" केन्द्रीय विद्यालय दमोह(स्काउट) एवं केन्द्रीय विद्यालय OF कटनी (गाइड) में 01 छात्र एवं 02 | विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों को सराहा गया साथ ही सत्र 2024 - 2025 में की गई अन्य गतिविधियों का ब्यौरा तैयार करने के लिये निर्देशित किया गया।<br><br>कार्यवाही :- प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |

| | | |
|---|---|---|
| | छात्राओं ने सफलतापूर्वक प्रमाण-पत्र प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया ।<br>**घ)** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र मा. तनिष्क नंदनवार ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय चंडीगढ़ एवं मा. सात्विक शुक्ला ने शतरंज प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय SAC VASTRAPUR, AHMEDABAD में सहभागिता की । | |
| 3 | **<u>जीएसपी ऑडिट:</u>**<br>विद्यालय में ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के तहत ऑडिट हुआ जिसमें विद्यालय को यैलो प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। | कार्यवाही:- अपेक्षित नहीं है। |
| 4 | **<u>राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन:-</u>**<br>राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रमबद्ध केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार क्रियान्वयन किया जा रहा है। FLN तथा टॉय बेस्ड पेडागोजी, निपुण(NIPUN) के उददेश्यों को प्राप्त करने हेतु विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षित किये जा चुके है । सत्र 2024 - 2025 में एनईपी 2020 के तीसरे वर्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यालय ने सहभागिता की । | NEP:2020 के क्रियान्वयन हेतु उचित कार्यवाही और गतिविधियों का ब्यौरा प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।<br>विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष महोदया ने NEP-2020 के क्रियान्वयन हेतू अब तक किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए उस पर और जोर देने के लिए कार्यक्रमों की क्रमबद्ध सूची बनाने के लिए निर्देशित किया गया ।<br>कार्यवाही : प्राचार्य के. वि. क्रमांक 4 सागर । |
| 5 | **<u>आंतरिक लेखा परीक्षण:-</u>**<br>केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा प्रतिवर्ष आतरिक अंकेक्षण किया जाता है। वर्तमान स्थिति में विद्यालय का कोई भी पैरा लंबित नहीं है। | कार्यवाही:- अपेक्षित नहीं है।<br>विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष महोदया द्वारा सराहा गया । |
| 6 | **<u>विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का PPT के माध्यम से प्रस्तुतीकरण:-</u>**<br>विद्यालय प्रबंध समिति की 8वीं बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदया के निर्देशानुसार विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का डेटा समाहित करते हुए पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण। | विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष महोदया ने इस हेतु और अधिक PPT के स्पष्ट रूप से प्रस्तुतीकरण का निर्देश दिया गया ।<br>कार्यवाही : प्राचार्य के. वि. क्रमांक 4 सागर । |

## ITEMS FOR CONSIDERATION

| | | |
|---|---|---|
| 7 | **कम्प्यूटरों की आवश्यकता:-** क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा VVN फंड से 8 कम्प्यूटरों को Gem पोर्टल से क्रय करने हेतु आदेशित किया गया था, इसकी फ़ाइल महोदया के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। आपके द्वारा 2 कम्प्यूटरों के क्रय की अनुमति दी गई थी। किन्तु Gem Portal की सीमाओ के कारण इस प्रक्रिया में विलंब हो जाने के कारण यह क्रय नहीं किया जा सका । विद्यालय में गत सत्र से प्रारम्भ हुये AI, Coding, पाठ्यक्रम एवं G-suite कार्यक्रम हेतु अद्यतन कम्प्यूटरों की शीघ्र अवश्यकता है। | इस संबंध मे विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार महोदय द्वारा कम्प्यूटर क्रय की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। एवं विश्वविद्यालय द्वारा कुछ और कम्प्यूटर दिए जाने हेतु प्रस्ताव दिया गया ।<br><br>कार्यवाही : विश्वविद्यालय प्रशासन ,डॉ. हरीसिंह गौर विवि.,सागर तथा प्राचार्य के. वि. क्रमांक 4 सागर \| |
| 8 | **UPS/इंवर्टर की आवश्यकता:-** विद्यालय की कम्प्यूटर लैब, कार्यालय एवं विभिन्न विभागों में सतत् विद्युत बहाली हेतु न्यूनतम 5 केवीए का UPS/इंवर्टर लगाया जाना वांछनीय है। | विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा इस हेतु अन्य प्राथमिकता वाले कार्यो के पूरा होने के बाद विद्यालय फंड से Gem Portal के द्वारा क्रय हेतु अनुमति दी गई \|<br>कार्यवाही : प्राचार्य के. वि. क्रमांक 4 सागर \| |
| 9 | **विद्यार्थियों / कर्मचारियों के वाहनों (साइकिल / स्कूटर/कार) हेतु टीन शेड का निर्माण:-**<br>7वीं एवं 8वीं बैठक के निर्णय के आधार पर सचिव विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विश्वविद्यालय प्रबंधन को पत्र क्र. F. Building/KV-4/SGR/2022-23/464 दिनांक 13/01/2023 एवं पत्र क्र. F.Uni./KVDHSGVV/2023-24/156 दिनांक 22/07/2023 के द्वारा टीन शेड निर्माण हेतु अवगत कराया गया है, कार्यवाही अपेक्षित है। | विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति को सूचित किया गया कि अभियंता विभाग द्वारा शीघ्र ही कार्यस्थल का दौरा किया जायेगा। सचिव महोदय से वार्ता के उपरांत स्थान निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।<br><br>कार्यवाही :1) पुनः स्मरण पत्र भेजा जाना<br>2) विश्वविद्यालय प्रशासन एवं अभियंता विभाग (सिविल), डॉ. हरीसिंह गौर विवि., सागर |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | **<u>विद्यालय में सत्र 2024-25 हेतु प्रयोगशाला कक्ष:-</u>**<br>वर्तमान सत्र 2024-25 में उच्चतम कक्षा 10वीं है। विद्यालय की सीबीएसई से संबद्धता कक्षा 10वीं तक ही है, सीबीएसई के संबद्धता नियमानुसार भौतिक संरचना हेतु क्लास रूम, के अतिरिक्त Junior Science Lab., Maths Lab., आदि की आवश्यकता है। | अध्यक्ष महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्तमान में उपलब्ध साधन संसाधनों का सदुपयोग करते हुये Junior science lab का संचालन सतत् रूप से सुनिश्चित किया जाये ।<br><br>कार्यवाही : प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |
| 11 | **<u>विद्यालय भवन के रंग-रोगन की आवश्यकता:-</u>**<br>विगत समय में प्रथम तल पर नए कक्षों का निर्माण किया गया था जिसके कारण भूतल के कक्षों एवं बाहरी दीवारों पर सीमेंट-पानी आदि के धब्बे पड़ गए हैं। अतः विद्यालय भवन/परिसर का रंग-रोगन (White Wash) होने हेतु विद्यालय के पत्रांक - F.Univ.KVDHSGVV/2024-2025/46 दिनांक 06/05/2024 द्वारा अनुरोध किया गया । | इस हेतु समिति द्वारा सहमति दी गई है । शीघ्र ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्य किया जाएगा । |

| | | |
|---|---|---|
| | **अन्य कोई बिन्दु अध्यक्ष महोदया की अनुमति से** | |
| 1 | विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष महोदया ने सुझाव दिया की विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का पूरा डेटा एकत्रित किया जाए और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। | सचिव महोदय ने सुझाव का स्वागत किया तथा बताया कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं एवं भविष्य में विश्वविद्यालय के संबन्धित विभिन्न विभागों से सहायता लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । इसका रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा ।<br><br>कार्यवाही : प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष महोदया ने सुझाव दिया। कि कक्षा 10 में शत प्रतिशत् परिणाम के साथ साथ बच्चों को मेरिट सूची में लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएँ। | विद्यालय प्राचार्य ने इस और चल रहे प्रयासों से विद्यालय प्रबंध समिति को अवगत कराया तथा आश्वासन दिया कि छात्र - छात्राओं को मेरिट में लाने के लिए और अधिक प्रयास किये जाएंगे । <br><br> कार्यवाही : प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |
| 3 | विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. नवीन कांगो ने सुझाव दिया कि विद्यालय में शिक्षा में और अधिक गुणवत्ता लाने के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों से संबन्धित व्याख्यानों का आयोजन किया जा सकता है जिसमें विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और विद्यार्थियों की मदद ली जा सकती है। | सचिव महोदय ने सुझाव का स्वागत किया भविष्य में छात्रों के चहुँमुखी विकास हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से सहायता ली जायेगी। तथा सत्र 2025 -2026 के लिए इसका एक शैड्यूल तैयार किया जायेगा । <br><br> कार्यवाही:- प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |
| 4 | अध्यक्ष महोदया ने निर्देशित किया कि अगली बैठक में विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट को स्पष्ट आकड़ों के साथ पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की जाये। | सचिव महोदय द्वारा सूचित किया गया कि अगली बैठक में रिपोर्ट आकड़ों के साथ प्रस्तुत की जायेगी। <br><br> कार्यवाही:- प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |
| 5 | विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य प्रो. दिवाकर शुक्ला द्वारा यह सुझाव दिया गया कि विद्यालय को कवर्ड कैंपस बनाने हेतु विद्यालय के चारों ओर बाउंड्री बनाई जा सकती है। | इस संदर्भ में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सतत् अवलोकन कर कार्यवाही करने का विचार किया । <br><br> कार्यवाही:- विश्वविद्यालय प्रशासन एवं प्राचार्य द्वारा वि.वि. यंत्री से estimate लेना । |
| 6 | अभिभावक द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा की कक्षाएं प्रयोगों के माध्यम से नियमित और अच्छे तरीके से संचालित की जाएँ और योग शिक्षा को भी विद्यालय में बढ़ावा दिया जाए । | सचिव महोदय द्वारा आसवासन दिया गया । <br><br> कार्यवाही:- प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. नवीन कांगो ने सुझाव दिया कि विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की सूची बनाई जाए तथा इसे केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित होने वाली गतिविधियों के साथ समायोजित किया जाए। | सचिव महोदय द्वारा इस हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा तथा रिपोर्ट आकड़ों के साथ प्रस्तुत की जायेगी। कार्यवाही:- प्राचार्य के. वि. क्र.4 सागर |

बैठक के अंत में समिति की सदस्य और विद्यालय की शिक्षिका सुश्री अनीता डोंगरे द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का आभार प्रकट करते हुये बैठक का समापन किया गया ।

**विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर :**

1. प्रो. नवीन कानगो (नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति के.वि. ~~डॉ हरीसिंह~~ गौर विवि सागर) 20/2/25
2. प्रो. दिवाकर शुक्ला (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति) . DShukla 20/2/25
3. डॉ. एस. पी. उपाध्याय (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति ) 20/2/2025
4. श्री विक्रम रावत (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)
5. डॉ. किरण महेश्वरी (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति) KMaheshwari
6. सुश्री अनीता डोंगरे (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति) 20.2.25
7. श्रीमती उमा एम भालेराव (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति) 20.02.2025
8. श्रीमती निधि सोनी (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति)

20/2/25
(श्री आर एस वर्मा)
सचिव
विद्यालय प्रबंध समिति
केन्द्रीय विदयालय क्र.4 सागर

(प्रो. नीलिमा गुप्ता)
**अध्यक्ष**
विद्यालय प्रबंध समिति
केन्द्रीय विदयालय क्र.4 सागर